बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,
"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2,पटना 800001

सूचना

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेश सं0-1202/25/2004-SR दिनांक 16.12.2005 के आलोक में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0 एवं झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, झारखण्ड के आस्तियों एवं दायित्वों का बंटवारा किया गया है एवं झारखण्ड सरकार खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के संकल्प संख्या-389 दिनांक 04.02.2016 के द्वारा झारखण्ड एवं बिहार राज्य के बीच बंटवारा का कट आफ डेट 14.11.2000 निर्धारित है।

उक्त के आलोक में झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, झारखण्ड, राँची से सेवा निवृत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के दिनांक 14.11.2000 से पूर्व के बकाया मानदेय/वेतन/भत्ता एवं अन्य सेवा संबंधित लंबित दावों का निष्पादन एक अभियान के तौर पर किया जाना है।

ऐसे पदाधिकारियों/कर्मियों जिन्हें 14.11.2000 से पूर्व का बकाया मानदेय/वेतन/भत्ता एवं अन्य सेवा संबंधित लंबित दावों का निष्पादन अब तक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम द्वारा नहीं हो सका, को निदेश दिया जाता है कि वे **दिनांक 20.12.2021** तक अपने दावों को सभी साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक, प्रशासन, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, खाद्य भवन, दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक रोड नं0-2 पटना-800001 को समर्पित करें।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/-
उप महाप्रबंधक, प्रशासन

ज्ञापांक-3:02:11:01:2021 8129 दिनांक- 20.11.21

प्रतिलिपि-निदेशक,सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,बिहार,पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन का प्रकाशन दो स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं झारखण्ड के दो हिन्दी समाचार पत्र में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि-प्रबंधक,जन सम्पर्क,निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं सूचना का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में कराने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि-प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि -सभी जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि-प्रबंधक आई0टी0/कन्ट्रॉल रूम प्रभारी,निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं निगम बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0-यथोपरि।

20.11.21

उप महाप्रबंधक, प्रशासन